झारखण्ड सरकार

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

(राज्य परियोजना निदेशालय)

योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

पत्रांक–RUSA-25/2019-307 राँची / दिनांक– 01/09/2022

प्रेषक,

सूरज कुमार, भा.प्र.से.
निदेशक।

सेवा में,

कुलसचिव
सभी राजकीय विश्वविद्यालय

..............................................................

प्राचार्य / प्राचार्या
राज्य के सभी अंगीभूत एवं सम्बद्धता प्राप्त विश्वविद्यालय।

विषयः– **Central Sector Scholarship for College and University** के संबंध में।

प्रसंगः झारखण्ड अधिविध परिषद्, राँची का ज्ञापांक–JAC/CSSS/Sch/74/18-32/22 दिनांक 01.08.2022

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छात्र / छात्राओं के लिए अग्रेतर अध्ययन हेतु स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर तक छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। छात्रवृत्ति संबंधित विस्तृत जानकारी को भारत सरकार के National Scholarship Portal (https//Scholarships.gov.in) से प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन **दिनांक–31.10.2022** तक भरे जायेंगे। इसके तहत झारखण्ड राज्य हेतु कुल 1878 छात्र / छात्राओं को प्रतिवर्ष आच्छादित किया जाना है परन्तु जानकारी के आभाव से बहुत कम छात्र–छात्राएँ इसके लिए आवेदन कर पाते हैं।

इस संबंध में छात्रवृत्ति की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर में निम्नलिखित कार्य किए जा सकते हैं:–

1. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वेबसाइट पर छात्रवृत्ति की जानकारी उपलब्ध कराना।
2. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के महत्वपूर्ण स्थानों एवं नोटिस बोर्ड में इसकी जानाकारी उपलब्ध कराना।
3. शिक्षकों द्वार विभिन्नं कक्षाओं में इसकी जानकारी प्रदान करना।
4. छात्राओं के WhatsApp Group में इसकी सूचना उपलब्ध कराना।
5. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में प्रत्येक कार्यक्रम / कार्यशाला / सम्मेलन / गोष्ठी में छात्रवृत्ति की सूचना उपलब्ध कराना।

अतः अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को Central Sector Scholarship for College and University की जानकारी उपलब्ध कराने एवं इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित करने की कृपा करें।

विश्वासभाजन

(सूरज कुमार)
निदेशक।

ज्ञापांक–RUSA-25/2019-307 राँची / दिनांक– 01/09/2022

प्रतिलिपिः–विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा के प्रधान आप्त सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(सूरज कुमार)
निदेशक।

To,
The Principal/Prof. In-charge of the all Colleges under KU, Chaibasa
Sir/Madam,
For kind information and necessary action please.

Memo No. KU/DSW/...63...../2022, Date 12/09/2022

12.09.2022
Dean Students' Welfare
Kolhan University, Chaibasa

Dr. Anil Kumar Mahato
CHAIRMAN

Gyandeep Campus, Bargawan,
Namkum, Ranchi – 834010
Ph.:- 0651-2261181, 7485093434
Fax – 0651-2261999,
Tollfree 1800-3456-523
Website- www.jac.Jharkhand.gov.in

Ranjda
PI

Ref: JAC/CSSS/ Sch/74/18- 32/22

Date: 01/08/2022

सेवा में,

कुलपति
राँची विश्वविद्यालय, राँची
नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
बिनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका
विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय, धनबाद
केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राँची एवं
राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालय के प्राचार्य

विषय :- सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटी के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करते हुए अंकित करना है कि "सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी" के तहत् वैसे छात्र/छात्राएँ, जो 2022 में इंटरमीडिएट कला, विज्ञान या वाणिज्य की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हो, एवं **Top 20 Percentile** के अन्तर्गत आते हो वैसे सभी मेधावी छात्र/छात्राओं को उक्त छात्रवृत्ति भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाना है। इसके तहत् झारखण्ड राज्य हेतु कुल 1878 छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष आच्छादित किया जाना है परन्तु जानकारी के अभाव में बहुत ही कम छात्र/छात्राएँ इसके लिए आवेदन कर पाते हैं। फलस्वरूप झारखण्ड राज्य का कोटा रिक्त रह जाता है।

इन छात्र/छात्राओं को MHRD New Delhi के द्वारा अग्रेत्तर अध्ययन हेतु स्नातक स्तर तक 12,000/- (बारह हजार) रूपये एवं स्नातकोत्तर स्तर तक 20,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना है। छात्रवृत्ति संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार के **National Scholarship Portal** पर उपलब्ध है। इसमे छात्र/छात्राएँ स्वयं https://**Scholarships.gov.in** पर login कर अपना ID बनाकर Data Submit कर सकते हैं। छात्रवृत्ति का भुगतान MHRD New Delhi के द्वारा DBT के माध्यम से सीधे लाभुको के खाते में किया जाना है। इसके लिए Online आवेदन 31/10/2022 तक भरे जाएगें। इस आशय की सूचना परिषद् द्वारा सभी प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन के रूप में प्रकाशित किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि इस संबंध में भवदीय स्तर से सभी महाविद्यालयों/छात्र/छात्राओं को एतद् विषयक दिशा निर्देश देने की कृपा की जाय। हमें विश्वास है कि आपके सहयोग से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड प्रदेश हेतु निर्धारित लक्ष्य 1878 की संप्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

विश्वासभाजन

01.08.2022

(डॉ० अनिल कुमार महतो)
अध्यक्ष
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची.

R
13/8/22

VC-8414/22
13.8.22
R-6313/22
16/8/22

DSW
18/8/22

DSW/458/22
22/8/22